रजि. क्र. 01/01/01/40668/24

# तहसील शाखा - हुजूर, जिला भोपाल

| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|
| अश्विन कुमार सैनी | धर्मेन्द्र चौबे | शरदचन्द्र भण्डारी |
| मो - 9009217172 | मो - 9826286004 | मो - 9425982445 |

फ्लैट नंबर 208 धेनु अपार्टमेंट, चिनार फॉर्च्यून सिटी, होशंगाबाद रोड, बागमुगलिया भोपाल जिला भोपाल मध्यप्रदेश

**भोपाल जिला अध्यक्ष - अरविन्द गिरी**

**तहसील कार्यकारिणी :-**

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| आशीष चतुर्वेदी | जितेन्द्र अहिरवार, ज्योति जोशी | भंवर सिंह सोलंकी | अजय कुमार घोरपडे |

प्रति,

**श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय,**
**अनुभाग हुजूर जिला भोपाल (म.प्र)**

**विषयः- श्री अनुराग त्रिपाठी तहसीलदार हुजूर द्वारा विगत महीनों से लगातार पटवारियों के विरुद्ध द्वेषपूर्ण कार्यवाही और मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने के संबंध में ।**

महोदय

विदित है कि पटवारी राजस्व व प्रशासन कि सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, पटवारी संवर्ग शासन कि सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने मे बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे-

| शासन की योजनाएं | अन्य कार्य | राजस्व के मूल कार्यो |
|---|---|---|
| किसान आईडी, eKYC, धारणाधिकार, स्वामित्व, पीएम किसान, सीएम किसान, सिंचाई संगणना, फसल नरवाई जलाने से रोक का क्रियांवयन | परीक्षा ड्यूटी, प्रोटोकॉल ड्यूटी, विसर्जन ड्यूटी, राजनैतिक कार्यक्रमों मे ड्यूटी, एयरपोर्ट पर ड्यूटी, सभी प्रकार के आयजनों मे ड्यूटी, लायजनिंग कार्य, निर्वाचन व SIR कार्य | गिरदावरी, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, बटान, सीमांकन, अतिक्रमण, विवाद, आधार सत्यापन, शस्त्र लायसेंस, जाति प्रमाण पत्र, CM Helpline, सिविल न्यायालय प्रकरण आदि में मौका जाँच कर प्रतिवेदन |

उक्त के अतिरिक्त पटवारी अन्य बहुत सारी जिम्मेदारी निभा रहें हैं। इसके बावजूद भी हुज़ूर तहसीलदार महोदय द्वारा पटवारियों के विरुद्ध द्वेषपूर्ण रवैये से कार्य किया जा रहा है, जो कि निम्नलिखित हैं-

1. तहसीलदार महोदय द्वारा हर महीने अलग अलग प्रकार और अलग अलग वजहें बताकर कलेक्शन करने का बोला जा रहा और जो इसका विरोध करता है उसे अपने कक्ष मे बुलाकर अपमानित किया जाता है।

2. तहसीलदार महोदय द्वारा लगातार हल्का बदलने कि धमकी दी जाती है और पटवारियों को हल्का बदलने का प्रलोभन देकर मांग कि जाती है।

3. जो भी पटवारी इन अनुचित मांगों के खिलाफ बोलने या इन अनुचित बात को नहीं मानते उसको वाट्सप ग्रुप से अलग (remove) कर दिया जाता है, उसका बॉयकॉट करवाया जाता है। पटवारी को मानसिक रूप से प्रताडित किया जाता है।

4. ऑफिस के काम के समय के अलावा अवकाश के दिन एव अन्य दिनो में भी रात 7 बजे के वाद शासकीय अवकाश के दिनों मे पटवारियों को कॉल करके या वाट्सप के माध्यम से काम का दवाब बनाया जाता है।

5. पटवारी को हर आदेश वाट्सप पर SEND किये जाते है जबकि पटवारी अपनी कोई समस्या वाट्सप पर बताता है तो उसे उपस्थित होने के लिए कहा जाता है।

28/01/26

आवक-जावक लिपिक
कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी
तहसील हुजूर जिला भोपाल

रजि. क्र. 01/01/01/40668/24


## तहसील शाखा - हुजूर, जिला भोपाल

| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|
| अश्विन कुमार सैनी | धर्मेन्द्र चौबे | शरदचन्द्र भण्डारी |
| मो - 9009217172 | मो - 9826286004 | मो - 9425982445 |

फ्लैट नंबर 208 धेनु अपार्टमेंट, चिनार फॉर्च्यून सिटी, होशंगाबाद रोड, बागमुगलिया भोपाल जिला भोपाल मध्यप्रदेश

भोपाल जिला अध्यक्ष - अरविन्द गिरी

तहसील कार्यकारिणी :-

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |
|---|---|---|---|
| आशीष चतुर्वेदी | जितेन्द्र अहिरवार, ज्योति जोशी | भंवर सिंह सोलंकी | अजय कुमार घोरपडे |


6. अवैध कॉलोनी मे पटवारी केवल प्रतिवेदित है जो अवैध अतिक्रमण का केवल रिपोर्ट करता है परन्तु इनके द्वारा बार बार उसको थाने मे जाकर FIR दर्ज कराने के लिए बोला जाता है जबकि यह कार्य तहसीलदार न्यायालय के द्वारा कराया जाना चाहिए।

7. सिविल कोर्ट में प्रचलित प्रकरण में पटवारी प्रतिवेदन देते हैं, इसके बाद संबंधित अधिवक्ता से जवाब बनवाने के लिए पटवारियों को बोला जाता है। जिसमें 4-5 हजार रूपए पटवारी को व्यय करना पड़ता है। उक्त कार्य तहसीलदार न्यायालय के द्वारा कराया जाना चाहिए।

8. आधारहिन और दूरभावना से प्राप्त सूचना के आधार तुरंत एक्शन लिया जाता है। पटवारी से उसका पक्ष नहीं सुना जाता। जबकि अन्य कर्मचारी के साथ ऐसा नहीं किया जाता है, पटवारी के साथ भेदभाव पूर्व कार्यवाही क्यो की जाती है। सब के साथ समान व्यवहार हो।

9. पटवारी का कार्य क्षेत्र भ्रमण प्रकृति का होने के बाद भी अनेक बार उन्हें तुरंत उपस्थित होने के दवाब बनाया जाता है, जिसमें कई बार पटवारी दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

श्रीमान तहसीलदार महोदय द्वारा उपरोक्त कृत्य बहुत ही गंभीर और पटवारियों को प्रताड़ित करने वाले हैं। अतः इनको तुरंत यहां से हटाया जाए। यदि कार्यवाही नहीं होती है तब भोपाल जिले के साथ साथ प्रदेश का समस्त पटवारी सड़कों पर आंदोलन के लिए उतरेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन कि होंगी।

1.
प्रांतीय पटवारी संघ
जिला भोपाल

2.

प्रतिलिपि:-

1. माननीय राजस्व मंत्री, महोदय मध्य प्रदेश शासन भोपाल (म.प्र) ।
2. माननीय प्रभारी मंत्री महोदय मध्य प्रदेश शासन भोपाल (म.प्र) ।
3. प्रमुख सचिव महोदय राजस्व विभाग भोपाल (म.प्र) ।
4. माननीय आयुक्त महोदय आयुक्त भोपाल ।
5. माननीय कलेक्टर महोदय जिला भोपाल ।
6. प्रांत अध्यक्ष , प्रांतीय पटवारी संघ भोपाल (म.प्र) ।